18.11.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक प्रदेश के जैसलमेर में 21 दिसंबर को होगी।
○ उच्च न्यायालय ने एसआई भर्ती परीक्षा–2021 में चयनित उप निरीक्षकों के मामले में यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये।
○ केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से कल भरतपुर में कौशल महोत्सव आयोजित होगा।
○ प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर पारे में गिरावट के साथ ही सर्दी ने रंग दिखाना शुरू किया।

000

जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक प्रदेश के जैसलमेर में 21 दिसंबर को होगी। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तथा विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्री भाग लेंगे। परिषद की बैठक पहले नवंबर में होनी थी। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव और फिर संसद के शीतकालीन सत्र के कारण इसमें देरी हुई है। बैठक के दौरान, राज्यों के वित्त मंत्री 1 फरवरी, 2025 को पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2025–26 के केन्द्रीय बजट के लिए अपनी सिफारिशें पेश करेंगे।

000

राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 को विकसित भारत युवा नेता संवाद के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मंच देश की युवा शक्ति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष बातचीत करने और अपना दृष्टिकोण पेश करने का अवसर प्रदान करेगा।

....................

श्री मांडविया ने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य देश भर के युवाओं में प्रतिभा की पहचान करना और उन्हें विकसित करना है, साथ ही उन्हें विकसित भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने के उद्देश्य से एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है।

000

उच्च न्यायालय ने आज एसआई भर्ती परीक्षा–2021 में चयनित उप निरीक्षकों के मामले में यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। न्यायालय के इस निर्देश से प्रशिक्षण ले रहे उप निरीक्षकों की पासिंग आउट परेड और नियुक्ति पर संशय हो गया है। कैलाश चंद शर्मा और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश दिये। याचिकाकर्ता के वकील हरेंद्र नील ने बताया कि उप निरीक्षक की भर्ती में हुए व्यापक फर्जीवाड़े से अभ्यर्थियों के हित प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय के सामने इस परीक्षा में हुए व्यापक फर्जीवाड़े के तथ्य रखे गये, जिस पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया। गौरतलब है कि इस मामले में एसओजी ने कार्रवाई करते हुए अब तक 50 से ज्यादा ट्रेनी उप निरीक्षकों को गिरफ्तार किया है।

000

जयपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। जयपुर की स्थापना आज ही के दिन वर्ष 1727 में हुई थी। स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। शहर के स्टैच्यू सर्किल पर शाम को दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर ने शिरकत की। इससे पहले आज सुबह मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में विशेष पूजन के साथ ही महाआरती की गई। वहीं गोविंद देवजी मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। रामनिवास बाग के अल्बर्ट हॉल पर जयपुर लोकरंग उत्सव भी होगा। लोकरंग में 150 से

ज्यादा लोक कलाकार राजस्थानी लोक गीतों और नृत्यों की प्रस्तुति देंगे। इस दौरान लोक कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा।
राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि जयपुर विश्वभर में भारतीय वास्तु संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। श्री बागडे ने लोगों से शहर की वास्तु संस्कृति और सौंदर्य के साथ स्वच्छता के लिए भागीदारी का आह्वान किया।

000

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज नाथद्वारा पहुंचकर स्वतंत्रता सेनानी मदन मोहन सोमटिया के निधन पर उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों से स्वतंत्रता सेनानी के जीवन के बारे में जानकारी ली। राजसमंद जिले के स्वतंत्रता सेनानियों में से केवल सोमाटिया ही अभी तक जीवित थे। श्री कटारिया ने राजसमंद में अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत की।

000

1962 के भारत–चीन युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह के 62 वें बलिदान दिवस पर आज जोधपुर में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, परमवीर मेजर शैतान सिंह के पुत्र नरपत सिंह भाटी ने मेजर की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन ने सशस्त्र सलामी और गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

000

..................

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से कल भरतपुर में कौशल महोत्सव आयोजित होगा। महारानी श्री जया कॉलेज में होने वाले इस महोत्सव में केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जंयत चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेदमणि तिवारी ने बताया कि भरतपुर में पहली बार युवाओं को कौशल महोत्सव के जरिये रोजगार से जोडा जा रहा है। अब तक 7 हजार से ज्यादा युवाओं ने इसके लिये पंजीयन करवाया है। उन्होंने बताया कि कौशल महोत्सव के तहत् गांव–गांव जाकर युवाओं को इंटरव्यू देने की ट्रैनिंग अधिकारियों द्वारा दी गई है।

..................

000

संसदीय कार्य, विधि और विधिक मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर जिले के उप जिला अस्पताल सालावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जनरल ओपीडी, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, विभिन्न वार्ड्स और दवाओं के स्टॉक का निरीक्षण किया। संसदीय कार्य मंत्री ने अभियान चलाकर अस्पताल परिसर और सभी वाड्र्स में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को अस्पताल में समय पर उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिये।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर पारे में गिरावट के साथ ही सर्दी का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 18 स्थानों पर रात का तापमान 15 डिग्री या इससे नीचे आ गया है। सबसे कम 9 डिग्री सैल्सियस तापमान माउंट आबू में रिकॉर्ड किया गया। मैदानी इलाकों में सीकर का फतेहपुर सबसे ठण्डा स्थान रहा जहां पारा गिरकर 9 दशमलव 2 डिग्री दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में भी न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सैल्सियस पर आ गया है। ठण्ड बढ़ने के साथ ही प्रदेश के कई स्थानों पर आज सुबह कोहरा छाया रहा। भरतपुर में कोहरे का असर यातायात पर पड़ा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक धीमा रहा। प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में भी कोहरे का असर रहा। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना

जताई है। विभाग ने कहा है कि आगामी 2–3 दिन गंगानगर, हनुमानगढ़, झुन्झुनू, सीकर, चूरू जिलों के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। आगामी 5 दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

000

सवाईमाधोपुर जिले के रणथम्भौर राष्ट्रीय बाघ अभ्यारण्य में दीपावली के बाद से ही पर्यटन सीज़न काफी अच्छा चल रहा है। उद्यान में सफारी के लिये एडवांस बुकिंग फुल हैं। साथ ही अन्य पर्यटन स्थलों पर भी सैलानियों की रौनक बनी हुई है।

000

डीग में आज किशन लाल जोशी उच्च माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांगजन शिविर लगाया गया। समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि इस तरह के शिविर अब तक कुम्हेर और कामां में भी लग चुके हैं। इनमें मेडिकल बोर्ड की जांच के अनुरूप दिव्यांगों को सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया जा रहा है। इस दौरान मौके पर ही दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी जारी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विशेष योग्यजन स्वरोजगार ऋण योजना, पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी दिव्यांगों को जानकारी दी जा रही है।

000

भीलवाड़ा जिला कलक्टर नमित मेहता ने आज गुलाबपुरा कस्बे में बंद पड़ी सहकारी कपड़ा मिल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिल के 10 गोदामों को किसी निजी या सरकारी संस्था को किराए पर देकर भवन के उपयोग की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

000

बालोतरा में आज "वन्दे भारत" पार्क का शुभारंभ हुआ। पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने इस पार्क का उद्घाटन किया। इस पार्क में शहरवासियों को ओपन जिम, के साथ वाकिंग ट्रैक की सुविधा भी मिलेगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

000